# गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर फार्म पोस्ट-हल्दी

जिला-ऊधम सिंह नगर, पिन- 263145

## विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्रों पर उत्पादित गेंहूँ की फसल की कम्बाईन द्वारा कटाई, के पश्चात् खेत में खड़े डन्ठल से भूसा बनाये जाने का कार्य

## निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| निविदा संख्या ........................ | : | निविदा शुल्क ₹ 500.00 प्रति निविदा+जी0एस0टी0 |
| निविदा फार्म मुख्यालय से प्राप्त करने की तिथि व समय | : | दिनांक 01.04.2022 से 11.04.2022 तक सांय 4.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | : | दिनांक 12.04.2022 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | : | दिनांक 12.04.2022 को अपरान्ह् 3.00 बजे |

विश्वविद्यालय फार्म की लगभग 236.40 हैक्टेयर भूमि पर उत्पादित गेंहूँ की फसल की कम्बाईन द्वारा कटाई के पश्चात् खेत में खड़े डन्ठल से भूसा बनाये जाने का कार्य तथा हल्दी प्रक्षेत्र से फूलबाग सेन्टर, पन्तनगर तक भूसे की ढुलाई एवं भण्डारण कार्य, बेनी प्रक्षेत्र से शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला तक ढुलाई एवं भण्डारण का कार्य :-

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | दर प्रति कुन्तल (अंको में एवं शब्दों में) |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्रों पर उत्पादित गेंहूँ की कम्बाईन से कटाई के पश्चात खेत में खड़े डन्ठल से भूसा बनाये जाने का कार्य तथा हल्दी प्रक्षेत्र से फूलबाग सेन्टर, पन्तनगर तक भूसे की ढुलाई एवं भण्डारण कार्य, बेनी प्रक्षेत्र से शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला तक ढुलाई एवं भण्डारण का कार्य | |

मैंने निविदा की शर्तों का अध्ययन कर लिया है व सभी शर्तें मान्य है। धरोहर धनराशि ₹ 20,000.00 बैंक ड्राफ्ट नं0 .................. दिनांक.................................के द्वारा जमा कर दिया है जो इस निविदा के साथ संलग्न है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार्।

ड्राफ्ट सं0..................................................

दिनांक........................................................

धनराशि ₹ ..............................................

निविदादाता के हस्ताक्षर...........................................

पूरा नाम..........................................पिता का नाम .................................

ग्राम व पो0..........................................जनपद ........................................

पिन..................................  दूरभाष ...............................

जी0एस0टी0 सख्या– ......................................................................

बैंक का नाम एवं खाता संख्या ..........................................

आयकर पैन0 नं0 ..............................  आधार कार्ड नं0 .................................

स्वयं सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है

## विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्र पर उत्पादित गेंहूँ की कम्बाईन से कटाई के पश्चात् खेत में खड़े डन्ठल से भूसा बनाये जाने का कार्य

## निविदा की शर्तें

1. निविदादाता को निविदायें दिनांक 12.04.2022 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक फार्म मुख्यालय हल्दी में रक्षित पेटी में जमा करनी होगी, जो दिनांक 12.04.2022 को अपरान्ह् 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि ₹ 20,000.00 वापसी योग्य का बैंक ड्राफ्ट जो गो0ब0पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फार्म, हल्दी खाता के नाम भारतीय स्टेट बैंक हल्दी/पन्तनगर यूको बैंक, हल्दी/पन्तनगर/नैनीताल बैंक, नगला में (विश्वविद्यालय फार्म खाता) देय हो जमा करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि एवं सशर्त के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी।
3. विश्वविद्यालय फार्म के विभिन्न प्रक्षेत्रों में गेंहूँ की फसल की कम्बाईन द्वारा कटाई उपरान्त डन्ठलों से भूसा बनाये जाने एवं सम्बन्धित निविदादाता द्वारा रिपर मशीन द्वारा भूसा बनाने के साथ–साथ ढुलाई एवं भण्डारण का कार्य भी सम्मिलित होगा।
4. सफल निविदादाता द्वारा भूसा बनाने हेतु 5 से 6 रिपर मशीन का उपयोग किया जायेगा एवं 10 दिन के अन्तर्गत सम्पूर्ण भूसे की आपूर्ति करनी होगी।
5. निविदादाता द्वारा आपूर्ति की गयी भूसे में मिट्टी एवं धूल के कण नहीं होनी चाहिए।
6. सम्बन्धित निविदादाता या उसके प्रतिनिधि के द्वारा विश्वविद्यालय फार्म की कोई चल/अचल सम्पत्ति को हानि होती है तो उसका उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा।
7. यदि सफल निविदादाता ठेका लेने के उपरान्त निर्धारित सयम सीमा में कार्य करने में असमर्थ रहता है तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी एवं उसके विरूद्ध क्षतिपूर्ति हेतु नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।
8. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी पर निहित होगा। किसी तरह के विवाद का निर्णय लेने का अधिकार विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी को होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।
9. निविदा में उल्लिखित कार्य कराये जाने एवं न कराये जाने का पूर्ण अधिकार कुलपति जी को होगा।
10. सफल निविदादाता को उपरोक्त कार्य कराये जाने वाले प्रक्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित होना आवश्यक है।
11. निविदादाता द्वारा जी0एस0टी0 नं0, पैन नं0, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं बैंक का नाम तथा खाता संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा।
12. गेंहूँ की कटाई के पश्चात् बचे डन्ठल से भूसा बनाये जाने वाली मशीन की प्रमाणित प्रति भी संलग्न करनी होगी।
13. यदि उपरोक्त निविदाओं पर किसी भी प्रकार का कर जैसे–आयकर, जी0एस0टी0 एवं स्टॉम्प ड्यूटी देय होगा तो उसका भुगतान भी सफल निविदादाता को स्वंय करना होगा।
14. सफल निविदादाता द्वारा भूसे की आपूर्ति बड़े ट्रक के माध्यम् से शैक्षणिक डेरी फार्म नगला को किया जाना होगा।
15. सफल निविदादाता द्वारा शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला को भूसे की आपूर्ति करने वाले ट्रक का वजन टी0डी0सी0 के बीज विधायन संयंत्र नगला व हल्दी के धर्मकाँटे पर कराया जाना होगा।
16. सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बीजकों का भुगतान हल्दी एवं नगला के धर्मकाँटें पर किये गये वजन के सत्यापन के अनुसार किया जायेगा।
17. सफल निविदादाता द्वारा समस्त कार्य संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डेरी फार्म नगला की देख–रेख में किया जायेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा उपरोक्त सभी शर्तें (क्रमशः 01 से 17 तक) भली–भांति पढ़ ली गयी है तथा मान्य है।

निविदादाता के हस्ताक्षर ......................

पूरा नाम एवं पता ................................

मो0 नं0– ..............................................

30/3/22

मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म

निविदा प्रपत्र निर्गत करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर